सर्वश्रेष्ठ वन्यजीव और पारिस्थितिकी पर्यटन तथा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन विपणन अभियान के लिये पुरस्कार

चर्चा में क्यों?

20 अगस्त, 2021 को मध्य प्रदेश पर्यटन को नई दिल्ली के ली मेरिडियन होटल में आयोजित**आईटीसीटीए बी2बी इंटरनेशनल टूरिज़्म एक्सपो एंड कॉन्क्लेव, 2021 के 7वें संस्करण में सर्वश्रेष्ठ वन्यजीव और पारिस्थितिकी पर्यटन राज्य और पर्यटन विपणन अभियान के लिये सर्वश्रेष्ठ राज्य के रूप में सम्मानित** किया गया।

प्रमुख बिंदु

- पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव पर्यटन एवं जनसंपर्क शिव शेखर शुक्ला ने पुरस्कार प्रदान किये और दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की।
- बेस्ट वाइल्ड लाइफ एंड इको टूरिज़्म का अवॉर्ड डिप्टी डायरेक्टर, मध्य प्रदेश टूरिज़्म युवराज पडोले ने और बेस्ट टूरिज़्म मार्केटिंग कैंपेन का अवॉर्ड डिप्टी डायरेक्टर, मध्य प्रदेश टूरिज़्म दीपिका रॉय चौधरी ने प्राप्त किया।
- उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश समृद्ध वन्य जीवन से परिपूर्ण है। यहाँ 77 हज़ार 700 वर्ग किलोमीटर के वन क्षेत्र में, 11 राष्ट्रीय उद्यानों और 24 वन्यजीव अभयारण्यों के साथ कई वन्यजीव हॉट स्पॉट हैं।
- मध्य प्रदेश को **'टाइगर स्टेट'** के साथ हाल ही में **'द लेपर्ड स्टेट'** और **'घड़ियाल स्टेट'** का भी दर्जा मिला है, जो वन्य जीव संरक्षण के प्रयासों को दर्शाता है।
- राज्य पर्यटन को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने के लिये, पर्यटन विभाग ने ओरछा सांस्कृतिक उत्सव, मांडू उत्सव, जल महोत्सव, गो हेरिटेज रन, साइकिल सफारी और एलीफेंट सफारी जैसे विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों का आयोजन किया है। इसने बफर में सफर, इंतजार आपका, इंतजार खत्म हुआ, मानसून मैजिक, सब कुछ जो दिल चाहे आदि जैसे सोशल मीडिया कैंपेन का भी आयोजन किया है।
- इस कार्यक्रम में युवराज पडोले ने मध्य प्रदेश के पर्यटन आकर्षणों और वन्य जीव सफारी, साहसिक गतिविधियों, वाटर स्पोर्ट्स, रिस्पांसिबिल टूरिज़्म, वेलनेस और माइंडफुल टूरिज़्म आदि पहलों पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति भी दी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/award-for-best-wildlife-and-eco-tourism-and-best-tourism-marketing-campaign